**अर्द्धवार्षिक परीक्षा** P.V.

समय : 3.00 घंटे कक्षा–11 पूर्णांक : 100

# सामान्य हिन्दी

नोट : सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

खण्ड–क

1. (क) 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक हैं– 1
   (अ) सदासुख लाल (ब) इंशाअल्ला खाँ (स) लल्लूलाल (द) सदल मिश्र

   (ख) मोहन राकेश रचनाकार हैं– 1
   (अ) भारतेन्दु युग (ब) शुक्लोत्तर युग (स) द्विवेदी युग (द) शुक्ल युग

   (ग) 'भारत–भारती' की रचना विधा है– 1
   (अ) कहानी (ब) उपन्यास (स) नाटक (द) काव्य

   (घ) 'ध्रुवस्वामिनी' की रचना विधा है– 1
   (अ) एकांकी (ब) ध्रुवदेवी (स) नाटक (द) उपन्यास

   (ङ) 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' के लेखक हैं– 1
   (अ) जैनेन्द्र कुमार (ब) गोकुलनाथ (स) नाभादास (द) लल्लूलाल

2. (क) हिन्दी के प्रथम कवि के रूप में मान्य हैं– 1
   (अ) शबरपा (ब) चन्द (स) लुईपा (द) सरहपा

   (ख) आदिकाल का ग्रन्थ नहीं है– 1
   (अ) कीर्तिलता (ब) बीसलदेव रासो (स) आल्हखण्ड (द) पद्मावत

   (ग) ज्ञानमार्गी शाखा के कवि हैं– 1
   (अ) तुलसीदास (ब) सूरदास (स) बिहारी (द) कबीरदास

   (घ) रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि हैं– 1
   (अ) [illegible]ानन्द (ब) सेनापति (स) बिहारी (द) वृन्द

   (ङ) निम्नलिखित में से किस पुस्तक के रचनाकार जयशंकर प्रसाद हैं– 1
   (अ) झरना (ब) दीपशिखा (स) द्रौपदी (द) उर्वशी

3. निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10

आत्मा अजर और अमर है। उसमें अनन्त ज्ञान, शक्ति और आनन्द का भण्डार है। अकेले ज्ञान कहना भी पर्याप्त हो सकता है, क्योंकि जहाँ ज्ञान होता है वहाँ शक्ति होती है और जहाँ ज्ञान और शक्ति होते हैं वहाँ आनन्द भी होता है, परन्तु अविद्यावशात वह अपने स्वरूप को भूला हुआ है। इसी से अपने को अल्पज्ञ पाता है। अल्पज्ञता के साथ–साथ अल्पज्ञ शक्तिमता आती है और इसका परिणाम दुःख होता है। भीतर से ऐसा प्रतीत होता है जैसे कुछ खोया हुआ है। परन्तु यह नहीं समझ आता कि क्या खो गया है।

(अ) 'आत्मा अजर और अमर है' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) सम्पूर्ण आनन्द की कुंजी क्या है? स्पष्ट कीजिए।
(द) कैसे व्यक्ति स्वयं को जीवन पर्यन्त दुःखी रखते हैं? स्पष्ट कीजिए।
(य) 'अविद्यावशात' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित अवरण को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 10

कबिरा यह घर प्रेम का, खाला का घर नाँहि।
सीस उतारै हाथि करै, सो पैठे घर माँहि।।
जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहि।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि।।

(अ) परमात्मा के प्रेम को पाने के लिए किसका त्याग आवश्यक है तथा क्यों? स्पष्ट कीजिए।
(ब) ''सीस उतारै हाथि करै, सो पैठे घर माँहि'' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
(स) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(द) कवि का अज्ञानरूपी अंधकार किस प्रकार दूर हो गया?
(य) 'कबिरा यह घर प्रेम का, खाला का घर नाँहि' इन पंक्तियों में अलंकार स्पष्ट कीजिए।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी कृतियों पर प्रकाश डालिये। 5
   (क) भारतेन्दु हरिश्चन्द (ख) सरदार पूर्णसिंह (ग) श्यामसुन्दर दास

   (ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी कृतियों पर प्रकाश डालिये। 5
   (क) सूरदास (ख) कबीरदास (ग) महाकवि भूषण

6. 'बलिदान' कहानी का उद्देश्य लिखिए। 5

अथवा आकाशदीप कहानी का सारांश लिखिए।

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

7. स्वपठित नाटक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। 5

(क) 'कुहासा और किरण' नाटक के नायक का चित्रांकन कीजिए।

अथवा 'कुहासा और किरण' नाटक के प्रमुख नारी पत्रा का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) 'आन का मान' नाटक के के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

अथवा सफीयतुन्निसा का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(ग) 'गरूड़ध्वज' नाटक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा 'गरूड़ध्वज' नाटक के किसी एक पुरुष पात्र की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(घ) 'सूतपुत्र' नाटक के प्रथम अंक का सारांश लिखिए।

अथवा 'सूतपुत्र' नाटक के आधार पर परशुराम के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'राजमुकुट' नाटक के आधार पर महाराणा प्रताप का चरित्र–चित्रण कीजिए।

अथवा 'राजमुकुट' नाटक का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–ख

8. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों व पद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 6

भारतस्य स्वतन्त्राआन्दोलनस्य इदं नगरं प्रधानकेन्द्रम् आसीत्। श्रीमोतीलालनेहरू, महामना मदनमोहनमालवीय:, आजादोपनामकश्–चन्द्रशेखर:, अन्ये च स्वतन्त्रतासङ्ग्रामसैनिका: अस्यामेव पावनभूमौ उषित्वा आन्दोलनस्य सञ्चालनम् अकुर्वन्। राष्ट्रनायकस्य पण्डितजवाहर लालस्य इयं क्रीडास्थली कर्मभूमिश्च।

अथवा यतो यत: समीहसे ततो नो अभयं कुरू।
शन्न: कुरु प्रजाभ्योऽभयं न: पशुभ्य:।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए। 2

(अ) लोहा लेना (ब) दंग रह जाना (स) घी के दिये जलाना (द) नौ दो ग्यारह होना

10. (क) करूण रस अथवा हास्य रस का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 2

(ख) सन्देह अलंकार अथवा अनुप्रास अलंकार का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। 2

(ग) 'सोरठा' अथवा 'कुण्डलिया' छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिये। 2

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि–विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए।

(i) 'कलाविव' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) कलौ+इव (ब) कला+विव (स) कल+अविव (द) कले+इव

(ii) 'सत्यार्थ:' का सन्धि–विच्छेद है– 1

(अ) सत्य+अर्थ: (ब) सत् + अर्थ: (स) सत्य+आर्थ: (द) सद्+अर्थ

(iii) 'महोदय:' का सन्धि–विच्छेद है–

(अ) मही+उदय: (ब) महा+उदय: (स) मही+दय: (द) मह+उदय:

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन के अनुसार चयन कीजिए।

(i) 'आत्मभि:' में वचन और विभक्ति है– 1

(अ) तृतीया विभक्ति, बहुवचन (ब) प्रथमा विभक्ति, एकवचन
(स) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन (द) तृतीया विभक्ति, एकवचन

(ii) 'सरितम्' में वचन और विभक्ति है– 1

(अ) तृतीया विभक्ति, एकवचन (ब) द्वितीया विभक्ति, एकवचन
(स) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन (द) पंचमी विभक्ति, बहुवचन

12. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए।

(i) दशन–दंशन– 1

(अ) डसना और काटना (ब) काटना और डसना (स) दाँत और काटना (द) दस और डंक

(ii) परिताप–प्रताप

(अ) दु:ख और पराक्रम (ब) गर्मी और शक्ति (स) ताप और तप (द) तप्त और धारा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो रूप लिखिए। 1

(अ) शिखा (ब) वेला (स) अम्बुज

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। 2

(अ) जिसका कोई न हो। (ब) जो कभी दिखाई न दे।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। 2

(अ) पढ़ा–लिखा होने पर वह समझदार नहीं है। (ब) तुम्हें अध्ययन जारी रखना चाहिए।
(स) शरत वरिष्ट पत्रकार है। (द) उसने सारी बातें कह सुनाई।

13. भ्रामक प्रचार करने वाले विज्ञापनों में उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों का उल्लेख करते हुए किसी समाचार पत्र के सम्पादक को इस सम्बन्ध में दो सुझाव देते हुए एक पत्र लिखिए। 6

अथवा आप विद्यालय के वार्षिकोत्सव में भाग ले रहे हैं। पूर्वाभ्यास के दौरान आपने देखा कि दो विद्यार्थी बाहर धूमपान कर रहे हैं। इस समस्या से अवगत कराने एवं इसे रोकने हेतु अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए। 9

(क) दीपावली (ख) मेरी प्रिय पुस्तक (ग) कोरोना महामारी (घ) कम्प्यूटर का महत्व



https://www.upboardonline.com